Title: Request the Government not to permit the Management of the Heavy Engineering Corporation (HEC), Ranchi to sell the extra land for its revival.

श्री राम टहल चौधरी (रांची) : उपाध्यक्ष महोदय, हमारे निर्वाचन क्षेत्र में एच.ई.सी. का कारखाना है जिसमें 15-20,000 लोग काम करते थे लेकिन इस समय 8-9,000 लोग बच गए हैं। अब उस कारखाने को कार्य आदेश न मिलने की वजह से वह बंद होने की स्थिति में आ गया है और लोगों को कई-कई महीनों तक तनख्वाह नहीं मिल पा रही है। मैंने पहले भी कई बार संबंधित विभाग के पदाधिकारियों और मंत्रियों से सम्पर्क स्थापित किया कि एच.ई.सी., रांची को कम से कम रक्षा मंत्रालय, रेल मंत्रालय और कोयला मंत्रालय द्वारा कार्य आदेश मिले। वहां हजारों एकड़ जमीन कारखाना बनाने के लिए ली गई थी। उस जमीन को वहां का प्रबंधन बेचने का काम कर रहा है। इसलिए वहां के लोगों में काफी आक्रोश है। विस्थापित और विधवा आश्रित परिवार के लोगों को नौकरी नहीं मिली। इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि वहां का प्रबंधन जमीन न बेचे और अगर जमीन बेचनी हो तो उसी को बेचे जो कारखाना खोले और लोगों को रोजी-रोटी दे अन्यथा वहां कभी भी कुछ हो सकता है। ...(व्यवधान)